दैनिक भास्कर 02/11/2022

# राज्य स्तरीय निबंध लेखन में जीएमएन कॉलेज अव्वल

**अम्बाला |** जीएमएन कॉलेज में अंग्रेजी विभाग की ओर से राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजन किया गया। संयोजिका डॉ. अंशु चौधरी और सहसंयोजिका कमलेश कुमारी ने बताया कि स्टूडेंट्स की रूचि अनुसार विषयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, पर्यावरण, कोविड-19 के प्रभाव और अंग्रेजी भाषा के महत्व का चयन किया गया। प्रतियोगिता में हरियाणा से 38 एंट्री मिलीं जिसमें आईबी कॉलेज पानीपत, सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल, गवर्नमेंट कॉलेज करनाल, तुलसी कॉलेज ऑफ एजुकेशन अम्बाला सिटी, गवर्नमेंट कॉलेज कैंट, गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वुमन करनाल और डीबीजी गवर्नमेंट कॉलेज पानीपत शामिल थे। प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन ने बताया कि जीएमएन कॉलेज के आर्यन को पहला पुरस्कार, जीएमएन कॉलेज के जॉनसन को दूसरा व डीबीजी गवर्नमेंट कॉलेज पानीपत की रीतिका को तीसरा पुरस्कार मिला। पहला सांत्वना पुरस्कार जीएमएन कॉलेज की खुशी व दूसरा सांत्वना पुरस्कार आईबी कॉलेज की हिमांशी वत्स को मिला।